# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री


11 सुनील की कामेडी व विकल्प की मिमिक्री से लोटपोट हुए...





12 मातर पर कलाकारों ने दिखाए हैरत अंगेज करतब




## खबर संक्षेप

### हंचलपुर में हुई चाकूबाजी की घटना में युवक गंभीर

**अंवरी।** रविवार की शाम भखारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हंचलपुर में हुई चाकूबाजी में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल दीपांशु साहू 19 वर्ष पिता विरेन्द्र साहू का इलाज मसीही अस्पताल में चल रहा है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। कुछ आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### एम्फीथिएटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**कुरुद।** नगर में कला जगत को समर्पित करने नगर पंचायत कुरूद वार्ड क्रमांक 15 में एम्फीथिएटर निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि श्रीमती रूपकुमारी चौधरी सांसद महासमुंद करेंगी। अध्यक्षता अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद करेंगे। विशिष्ट अतिथि निरंजन सिन्हा पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, श्रीमती ज्योति चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, रविकांत चन्द्राकर पूर्व अध्यक्ष नपं कुरूद, भानु चन्द्राकर नेता प्रतिपक्ष, कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि, मूलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि होंगे। भूमिपूजन आज शाम 4 बजे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बाजू में होगा।

### पेंशनर्स की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर्स एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 नवंबर बुधवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसो. भवन धमतरी में संपन्न होगा। बैठक में पेंशन संगठन के पंजीयन क्रमांक 1844 के न्यायालयीन प्रकरण बाबत चर्चा की जाएगी। सचिव मोतीलाल हिरवानी एवं अध्यक्ष वीरेंद्र नाग ने समस्त सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्री फिजिकल टेस्ट, लिखित परीक्षा अब 10 को

**सिर्री।** कर्मक्षेत्र एकेडमी सेना भर्ती प्रशिक्षण संगठन एकेडी परिवार मौरीकला के तत्वावधान में 15 नवंबर को होने वाली पुलिस भर्ती प्री फिजिकल, मेडिकल, लिखित परीक्षा अब 10 नवंबर को होगी। चेमन यादव सरपंच प्रतिनिधि मौरीकला ने बताया कि 15 नवंबर को (टीए) टेरिटोरियल आर्मी भर्ती तथा 16 नवंबर से पुलिस भर्ती की फिजिकल पीक्षा शुरू होगी जिसके चलते फिजिकल के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को दिक्कतें हो सकती हैं। इस कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है। रजिस्ट्रेशन की समय सीमा 10 नवंबर तक बढ़ा दी गई है। जो अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं, वे उसी दिन सुबह रजिस्ट्रेशन कराकर फिजिकल में भाग ले सकते हैं।

### दो एएसआई व 11 प्रधान आरक्षकों के तबादले





**धमतरी।** प्रशासनिक दृष्टिकोण से पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने रक्षित केन्द्र में पदस्थ 2 एएसआई व 11 प्रधान आरक्षकों का जिले के विभिन्न थानों व चौकी में तबादला किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी तबादला सूची के अनुसार रक्षित केन्द्र से एएसआई भेनूराम वर्मा को यातायात व कांतिलाल साहू को चौकी बिरेझर भेजा गया है। इसी तरह प्रधान आरक्षक मनोहर लाल साहू को भखारा, भूपेश कुमार सिन्हा को थाना अर्जुनी, जीवन लाल ध्रुव नगरी, हेमराज ध्रुव केरेगांव, योगेन्द्र देव आनेश्वरी नगरी डीआरजी, महेश पटेल चौकी बिरेझर, महादेव पटेल नगरी, दौलतराम मरकाम यातायात, श्रवण कुमार ध्रुव सिहावा, शांताराम ध्रुव मगरलोड व ठाकुरराम सिन्हा को कुरूद थाना में पदस्थ किया गया है।

## छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस आज : डॉ. शोभाराम देवांगन स्कूल के खेल मैदान में सजेंगे विभागीय स्टाल

# चंद घंटों का राज्योत्सव, आनंद लेने से चूक जाएगा ग्रामीण अंचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

राज्योत्सव मात्र चंद घंटों का होगा। दिवाली के चलते इसकी तैयारी में ही विभागों ने विलंब कर दिया है। शाम 5 बजे प्रदर्शनी शुरू होगी। 9 बजे समापन भी हो जाएगा। यह कार्यक्रम सिर्फ शहरवासियों तक सिमटकर रह जाएगा। कार्यक्रम शाम-रात में होने के कारण ग्रामीण अंचलवासी इसका आनंद नहीं ले पाएंगे।

1 नवंबर सन 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य अस्तित्व में आया। इस दिन को सेलिब्रेट करने के लिए हर साल 1 नवंबर को राज्योत्सव मनाया जाता है। इस साल राज्योत्सव 5 नवंबर को सेलिब्रेट किया जा रहा है। इसके लिए डॉ शोभाराम देवांगन शासकीय उ.मा. शाला के खेल मैदान में भव्य आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर शासकीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर होंगे। विशिष्ट अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम और धमतरी विधायक ओंकार साहू होंगे, महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी होंगे। शाम 4 बजे अतिथि स्टालों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद शाम 6.30 बजे से शाम 9.30 बजे तक टूरा रिक्शा वाला फेम छत्तीसगढ़ी कलाकार प्रकाश अवस्थी नाइट्स का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।





### बिना बजट के सज रहे स्टाल

राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा मनमोहक झांकियां और स्टाल सजाए जा रहे हैं। इन स्टालों के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। विभागों द्वारा योजनाओं को लेकर पाम्पलेट आदि का वितरण भी किया जाएगा, ताकि लोग इन योजनाओं का लाभ ले सकें। उल्लेखनीय है कि इन झांकियों और स्टाल को सजाने में लाखों रूपए की लागत आ रही है। विभागों को इन झांकियों, प्रदर्शनी और स्टाल सजाने के लिए एक रूपए का फंड नहीं दिया गया है। ऐसे में अधिकारी इधर उधर से फंड जुगाड़ कर झांकियां, प्रदर्शनी और स्टाल सजा रहे हैं।

### नहीं मिला ज्यादा वक्त

दीपावली के बाद सोमवार को सरकारी दफ्तर खुले और अधिकारी कर्मचारी काम पर लौटे। मंगलवार को राज्योत्सव तय है। ऐसे में अधिकारी कर्मचारी आते ही राज्योत्सव की तैयारी में जुट गए। उन्हें प्रदर्शनी, स्टाल आदि सजाने के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिला है। सोमवार शाम तक तो एक भी विभाग की प्रदर्शनी तैयार नहीं थी। अधिकारी कर्मचारी सोमवार को खाना पीना सब छोड़कर देर रात तक प्रदर्शनी सजाने में लगे रहे। मंगलवार को भी वे मेहनत करेंगे, तब जाकर प्रदर्शनी तैयार होगी। शाम 5 बजे प्रदर्शनी शुरू होगी और रात 9 बजे समाप्त भी हो जाएगी। मात्र चंद घंटों की प्रदर्शनी के लिए लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। यदि यही प्रदर्शनी मंगलवार सुबह शुरू होती तो जिलेभर के लोग इसका आनंद उठा पाते। शाम रात का कार्यक्रम होने के कारण सीमित लोग ही इसका लाभ उठा पाएंगे।

### देखने लायक होगी प्रदर्शनी

पीएचई द्वारा जल जीवन मिशन की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। अब तक कमार जनजाति के लोगों को पीने की पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था। कहीं पर झिरिया के पानी से उनकी प्यास बुझती थी तो कहीं पर नदी के पानी से। पीएचई द्वारा कमार बस्तियों में सोलरपंप लगाकर घर- घर कनेक्शन दिया गया है। अब उन्हें साफ पानी मिल रहा है। इसी योजना को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। सहकारिता विभाग में केंद्र सरकार की 54 प्रकार की योजनाएं चल रही हैं। लोग सहकारिता माध्यम से इसका लाभ उठा सकते हैं। पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी, जनऔषधि केंद्र सहित कई प्रकार के व्यवसाय के लिए शासन से सहायता मिलती है। सहकारिता विभाग इन्हीं योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी लगा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा सहायक शिक्षण सामग्री की प्रदर्शनी, दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरण, उल्लास नवभारत साक्षर योजना के तहत असाक्षरों को साक्षर बनाने की योजना पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। शिक्षा विभाग के स्टाल में जल जगार से संबंधित वीडियो प्रोजेक्टर पर चलता रहेगा। नगर निगम द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संचयन, पीएम स्ट्रिट वेंडर आत्मनिर्भर निधि, नो प्लास्टिक मिशन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# रांकाडीह के बर्खास्त सरपंच पर गबन का मामला दर्ज करने ग्रामीणों ने की मांग

- मधुबन मेला में वसूली तथा प्रवेश द्वार की राशि में धोखाधड़ी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मगरलोड ब्लाक के ग्राम पंचायत रांकाडीह के बर्खास्त सरपंच के खिलाफ स्थगन आदेश नहीं देने तथा गबन की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग कलेक्टर से की गई है।

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा है कि रांकाडीह सरपंच खेमलता अनिल साहू को अनुविभागीय अधिकारी कुरूद ने 23 अक्टूबर को पंचायत राज अधिनियम के तहत धारा 40/1 के अंतर्गत कर्तव्यों के निर्वहन में दोषी मानते हुए पद से बर्खास्त किए जाने का आदेश दिया है। सरपंच द्वारा सन



2020, 2021, 2022 तथा 2023 में मधुबन मेले में पंचायत सील मुहर उपयोग कर काटी गई रसीद की कुल राशि 8,46,220 रुपए वसूली का कोई उल्लेख नहीं किया गया है।

इसी तरह राम वन गमन मार्ग मधुबन धाम रांकाडीह में रोड निर्माण के दौरान प्रवेश द्वार हटाए जाने के एवज में एडीबी द्वारा 7.44 लाख का चेक सरपंच को प्राप्त हुआ था, जिसे सरपंच द्वारा गबन कर लिया गया है। अनुविभागीय अधिकारी कुरूद ने जांच रिपोर्ट के बाद भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों की मांग है कि सरपंच के विरूद्ध धारा 40/1 अंतर्गत बर्खास्तगी पर स्थगन आदेश नहीं दिया जाए तथा गबन का मामला दर्ज किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से भोजराज, अरूण कंवर, तीजराम, ईश्वर साहू, रमेश, हिरामन, खेलूराम, तुकाराम, नानक, निर्मल, पोखराज, राजकुमार, विजयकुमार उपस्थित थे।

# त्योहारों के दस दिन में धरे गए 117 जुआरी

- जुआरियों से एक लाख चार हजार रूपए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

त्योहारी सीजन पर अलग-अलग थानों की पुलिस ने दस दिन में 117 जुआरियों के खिलाफ कार्रवाई की है। त्योहार के बाद भी पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है।

दीपावली त्योहार के करीब आते ही जगह- जगह जुआरियों की महफिल सज जाती है। इसे देखते हुए पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ धरपकड़ अभियान शुरु कर दिया। पुलिस ने अपने अपने थाना क्षेत्र में चले रहे जुआ फड़ में छापामार कार्रवाई शुरु कर दी। कार्रवाई के दौरान कुछ जुआरी पुलिस को आते देख भाग गए। वहीं जुआ फड़ में जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़ने में पुलिस सफल रही है। 27 अक्टूबर से लेकर 3 नवंबर तक जिले की पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ



कुल 27 कार्रवाई की है। इस दौरान 117 जुआरी पकड़े गए। जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में जुआ फड़ व जुआरियों के कब्जे से कुल 1 लाख 84 हजार 950 रुपए जब्त किए गए हैं। त्योहार से पहले जुआरियों के खिलाफ चलाए जा रहा धरपकड़ अभियान अभी भी जारी है।

### रूद्री, कोतवाली व सिहावा पुलिस ने की कार्रवाई

अभियान के चलते रूद्री पुलिस ने ग्राम भटगांव के राममंदिर के पास दबिश देकर 5 जुआरियों को रंगेहाथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल देवांगन 52वर्ष , टोकेश्वर साहू 27 वर्ष, होमशंकर देवांगन 84 वर्ष, राजेश साहू 36 वर्ष व विष्णु ध्रुव 44 वर्ष सभी आरोपी भटगांव व रूद्री निवासी को जुआ खेलते गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 हजार 310 रुपए जब्त किए हैं। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने सोरिद दुर्गा मंदिर के पास जुआ फड़ की घेराबंदी कर लीलाराम देवांगन 35 वर्ष, मोहन यादव 41 वर्ष, रामाधीन सिन्हा 19 वर्ष, हरीशचंद्र कंवर 19 वर्ष व संतराम कुंजाम 40 वर्ष सभी आरोपी भर्रीपारा सोरिद निवासी को पकड़ा है। आरोपियों से कुल 1550 रुपए बरामद किये गये। वहीं सिहावा पुलिस ने ग्राम सेमरा में जुआ खेल रहे गोकुलराम देवांगन 37 वर्ष, नेमीचंद 35 वर्ष, टिकेश्वर साहू 30 वर्ष, विवेक देवांगन 44 वर्ष, टिकेश साहू 34 वर्ष व पुष्पेंद्र साहू 34 वर्ष सभी आरोपी ग्राम सेमरा थाना सिहावा निवासी को रंगेहाथ पकड़ उनके कब्जे से 11 हजार 140 रुपए जब्त किए। इसी तरह सिहावा पुलिस ने ग्राम सेमरा में अन्य जुआ फड़ से चेतन धोबी 37 वर्ष, अमृतलाल देवांगन 45 वर्ष, कोमल देवांगन 40 वर्ष, दुर्गेश नेताम 30 वर्ष व अजय साहू 30 वर्ष सभी सेमरा सिहावा निवासी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 हजार 650 रुपए जब्त किए हैं। जुआरियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# धान खरीदी से पहले लगा सहकारी समितियों में ताला

- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी कर्मचारियों ने शुरू किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समितियों के कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। धमतरी के गांधी मैदान में पांच जिलों के कर्मचारियों ने धरना देकर हल्ला बोला। उधर सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल से राशन वितरण प्रभावित हो गया है। धान खरीदी की तैयारी भी ठंडे बस्ते में चली गई है।

लगातार कई साल से सहकारी कर्मचारी शासन को अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं। इसके बाद भी





उनकी मांग पूरी नहीं हुई है। इससे नाराज सहकारी कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। रायपुर में राज्योत्सव के चलते उन्हें धरना के लिए जगह नहीं मिली। ऐसे में धमतरी में संभाग स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारियों की मांग है कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग में भी प्रत्येक समिति को प्रति वर्ष 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय वेतन अनुदान राशि दी जाए। सेवा नियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू करने और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान संग्रहण के बाद हुई संपूर्ण सूखत को मान्य करते आगामी वर्ष के लिए धान खरीदी में सूखत मान्य किया जाए। संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि प्रदेश शासन द्वारा 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की जा रही है। विडंबना यह है कि पिछले साल की धान खरीदी का कमीशन अब तक समितियों को नहीं दिया गया है। बारदाना की राशि, ब्याज अनुदान अप्राप्त है। उधर समितियों में कर्मचारियों को वेतन के लाले पड़े हैं। उनका चरणबद्ध आंदोलन 18 अक्टूबर से चल रहा है।

### संभाग के साढ़े तीन सौ कर्मचारी जुटे आंदोलन में

लंबे समय से सहकारी कर्मचारी शासन के सामने अपनी मांगों को रख रहे हैं। इसके बाद भी उनकी मांगें पूरी नहीं हुई है। ऐसे में प्रदेशभर के कर्मचारियों में नाराजगी है। उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पहले ही अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू कर दिया है। धमतरी में रायपुर, धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार, गरियाबंद जिले के करीब 350 कर्मचारियों ने धरना देकर आवाज बुलंद की।

# मानदेय के लिए भटक रहे प्रशिक्षणार्थी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विश्वकर्मा योजना में प्रशिक्षण लेने के बाद मानदेय राशि के लिए युवाओं को भटकना पड़ रहा है। सोमवार को ट्रेनिंग प्राप्त युवाओं ने कलेक्टर को आवेदन कर मानदेय राशि दिलाने की गुहार लगाई है।

ग्राम भेण्डरा निवासी खिलेशकुमार पिता दुखितराम सहित आधा दर्जन युवाओं ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि विश्वकर्मा योजना के तहत ट्रेनिंग के लिए फार्म भरने के बाद उसे प्रशिक्षण के लिए फोन आया। 28 अगस्त 2024 को ट्रेनिंग में जाना शुरु किया। प्रशिक्षण नूतन स्कूल धमतरी में आठ दिन तक चला। जिसमें से 6 दिन की मजदूरी 3000 रुपए और पेट्रोलिंग खर्च 1000 रुपए मिलना था। उनके ग्रुप में 39 महिला पुरूष को प्रशिक्षण दिया गया है। लेकिन अब तक उन्हें मानदेय राशि प्राप्त नहीं हुई है। ट्रेनिंग सेंटर में पूछताछ करने पर कहा जाता है कि अभी शासन से राशि नहीं आई है। उन्होंने कलेक्टर से मानदेय राशि दिलाने की मांग की है।

## घेराव के साथ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गंगरेल डूब प्रभावित 11 को करेंगे मुख्यमंत्री निवास का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गंगरेल बांध प्रभावित जनकल्याण समिति मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेगी। सोमवार को समिति ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर सूचना दी है। समिति ने कहा है कि गंगरेल बांध डूब प्रभावितों के संबंध में उच्च न्यायालय ने 16 दिसंबर 2020 को आदेश पारित किया है कि आदेश की प्रति प्राप्ति के तीन माह के अंदर सक्षम प्राधिकारी जांच प्रारंभ कर गंगरेल बांध डूब के पात्र प्रभावितों को भूमि का आवंटन करें।





इसके बाद भी सक्षम प्राधिकारी द्वारा भूमि आवंटन के बारे में कोई कार्रवाई नहीं की गई। यह न्यायालय के आदेश की अवमानना है। डूब प्रभावित निम्न गरीब वर्ग से आते हैं। जिला प्रशासन तथा संबंधित विभाग को बार-बार आवेदन कर उचित न्याय की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई न्याय संगत कार्रवाई नहीं की जिससे उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

समिति ने कहा है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सक्षम प्राधिकारी जांच पूरी कर उचित मुआवजा तथा न्याय संगत भूमि का आवंटन करें। कार्रवाई नहीं होने पर 11 नवंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव तथा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से हरिशंकर मरकाम, आत्माराम ध्रुव, पंडोराम मंडावी, महाराजीराम ध्रुव, पुष्कर सोरी, घनश्याम मरकाम, कृपाराम सिन्हा, सहदेव साहू, जयकुमार सेन, मूलकराम सिन्हा, कुंवरसिंग निषाद, प्रताप ध्रुव आदि डूब प्रभावित शामिल थे।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप




### छिपली में लोक प्रयाग की प्रस्तुति आज


**नगरी।** ग्राम छिपली में अंतर जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से कुल 55 टीमों ने भाग लिया और अपने खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल का महामुकाबला डीआरजी नगरी और खुटगांव क्रिकेट क्लब गरियाबंद के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में खुटगांव गरियाबंद की टीम ने विजय प्राप्त करते हुए ट्राफी पर कब्जा किया। आज मंगलवार को फाइनल मुकाबले के विजेता एवं उपविजेता टीम को सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक प्रयाग नवापारा राजिम की प्रस्तुति के साथ ट्राफी एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के सदस्य गुरुप्रसाद साहू ने दी है।

### ई-रिक्शा व टिप्पर का शुभारंभ

**नगरी।** स्वच्छता अभियान के तहत नगर पंचायत नगरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अनुशंसा पर नगर पंचायत नगरी को 8 नई ई-रिक्शा, 3 टिप्पर की सौगात मिली है।

## निधन

### ईश्वर लाल साहू



**कुरूद।** ग्राम मौरीखुर्द के प्रतिष्ठित व्यक्ति ईश्वर लाल साहू उम्र 93 वर्ष का 3 नवम्बर रविवार को निधन हो गया। वे घनश्याम साहू के पिता एवं मिनेंद्र, एवन साहू के दादाजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्वजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

डीईओ ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को चांदी का मेडल प्रदान किया

# पढ़ाई लिखाई में गरीबी कभी बाधा नहीं बनती : जगदल्ले




- परसवानी में मातृभूमि कर्मचारी संगठन ने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

हर बच्चे के अंदर प्रतिभा होती है। उस प्रतिभा को निखारने का काम बेशक शिक्षक करते हैं, लेकिन बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखना एवं उनके सपनों को पूरा करना एक माता-पिता का दायित्व बनता है। उक्त बातें मातृभूमि कर्मचारी संगठन परसवानी के तत्वावधान में आयोजित दीपावली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डीईओ टीआर जगदल्ले ने की।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे मनोरंजन के साथ-साथ गांव व समाज के लिए प्रेरणादायी भी बताया। कहा कि बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए शिक्षा देने के साथ-साथ उनके भविष्य के लिए योजनाएं बनाएं। पढ़ाई लिखाई में गरीबी कोई बाधा नहीं होती। मानव विकास का एक ही आधार शिक्षा है। शिक्षा व्यक्ति के विवेक को जागृत करती है। बीआरसीसी तामेश्वर ध्रुव ने पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी को 10000 रूपये सम्मान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में गांव के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ-साथ सीजी बीएसई बोर्ड में प्रदेश में टॉप करने वाले छात्र समीर चक्रधारी और कक्षा दसवीं में सीबीएसई बोर्ड में टॉप करने वाली छात्रा कुमारी अहर्नीश पिता यादराम साहू शिक्षक को संगठन द्वारा चांदी के मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि टीआर कंवर सेनि डीएसपी, तामेश्वर ठाकुर बीआरसीसी मगरलोड, बीआरसी कुरुद कुलेश्वर सिन्हा, जेआर गंजीर संकुल समन्वयक पाटन, प्रहलाद शारदे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, ओडी बंजारे प्रधानपाठक, मोहन साहू प्रधानपाठक, श्यामलाल साहू प्रधान पाठक, दिलीप सिंह ध्रुव सेनि सहायक पंजीयक, जितेंद्र साहू, झनेश्वर साहू सरपंच परसवानी, देव कुमार यादव ग्रामीण अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्षता बलराम सूर्यवंशी ने की।

मौके पर जितेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, गोविंद प्रसाद साहू, अंबिका सूर्यवंशी, पुष्पलता यादव, खेमिन कंवर, भारती ध्रुव, ओमेश्वरी साहू, मोनिका कंवर, गंगा दीवान, रामकुमार ध्रुव, लेख नारायण कंवर, हिरामन साहू, राजकुमार साहू, संजीव बंजारे, संदीप साहू, घनश्याम साहू, द्रोणाचार्य साहू, नीलकंठ साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। संगठन सचिव शिक्षक घनश्याम साहू ने संगठन की प्रस्तावना का वाचन किया। कार्यक्रम का संचालन गौतम साहू शिक्षक ने किया।

ग्रामीणों ने परिवार सहित गौवंश को खिलाई खिचड़ी बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

# शहर-अंचल में उत्साह से मना गोवर्धन पूजा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



गोवर्धन पूजा का पर्व शहर के साथ अंचल में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों में गौवंश को खिचड़ी का भोग लगाकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की गई।

शनिवार को गांव में गोवर्धन पूजन का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी कुरुद नगर के विभिन्न वार्डों सहित सभी गांव में गोवर्धन पूजा का पर्व मनाया गया। घर के सदस्यों ने गौवंश की पूजा कर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। घर के कोठा के दरवाजे के सामने प्रतीकात्मक रूप से गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण कर भगवान कृष्ण की पूजा- अर्चना की गई। सेमरी, दूब, फूल को सजाकर गोवर्धन पर्वत का रूप दिया गया।

### गौवंश के प्रति समर्पण का पर्व है गोवर्धन पूजा

ग्राम जोरातराई की सरपंच सविता गंजीर ने बताया कि गांव में गोवर्धन पूजन का पर्व पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे हैं। वास्तव में यह पर्व गौवंश के प्रति हमारी निष्ठा, समर्पण और लगाव का प्रतीक है। कृषि आधारित ग्रामीण जीवन में गौवंश का अहम स्थान है। यह पर्व उनके योगदान के लिए ही समर्पित है। इस खास दिन खाट के ऊपर नया वस्त्र बिछाकर उस पर चावल, दाल, खीर, पूरी, चीला, रोटी, बड़ा, मिठाई को रखकर गौवंश को भोग लगाया गया। इसके बाद घर के सभी सदस्यों ने गौवंश की पूजा कर खिचड़ी का प्रसाद चंखा व बांटा।

# रासेयो छात्रों ने प्राथमिक उपचार का लिया प्रशिक्षण



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरेंगा के रासेयो छात्रों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरेंगा में प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ डिंपी साहू, लैब असिस्टेंट दाकेश साहू और स्टाफ ने पट्टी बांधना, ब्लड ग्रुप व हीमोग्लोबिन टेस्ट, सिकलिन मरीजों की पहचान, आवश्यक दवाई, इमरजेंसी में कार्य करने योग्य सेवा की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र के निर्देशन में थानेश्वर चक्रधारी, नारायणी साहू, टमेश्वरी साहू, गुंजा साहू, सुनैना यादव, चंद्रप्रभा चक्रधारी, लेनिशा साहू, चित्रलेखा साहू, वेदिका साहू, पुरुषोत्तम बांधे, नोमेंद्र साहू, तेजेन्द्र ने भाग लिया।

# सिवनीकला में मां लक्ष्मी प्रतिमा का विसर्जन


दीपावली पर्व पर स्थापित की गई थी प्रतिमा, दर्शन को उमड़ी थी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला में महालक्ष्मी उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से दीपावली पर माता लक्ष्मी की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी। माता भक्तों द्वारा एवं पंडा द्वारा प्रतिदिन पूजन किया। त्योहार के समापन पर पुरोहित के मंत्रोच्चारण के साथ ही विधिवत हवन आरती की गई। प्रसाद का वितरण किया गया 4 अक्टूबर को माता की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। मां लक्ष्मी का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

# गोजी में मातर महोत्सव की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



- बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

ग्राम गोजी में ग्रामवासियों के सहयोग से मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव के छोटे- छोटे बच्चों ने रिकार्डिंग डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानेश्वर तारक सरपंच थे। अध्यक्षता जयमित्र साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि ने की। विशिष्ट अतिथि पोखराज साहू चिंवरी परिक्षेत्र अध्यक्ष, ठाकुरराम साहू, धनसिंग साहू, संतोष साहू तहसील सचिव, माखन साहू संरक्षक ग्रामीण समाज, गौकरण साहू पूर्व उपसरपंच, सतीश साहू, राजू साहू, मुकेश साहू, उमेश साहू पूर्व उपसरपंच, टकेश साहू थे। राष्ट्रीय कन्या हिंदू संगठन के बच्चों ने मनोरम कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में ग्रामीण अध्यक्ष बरातू राम गंगोई, उपाध्यक्ष उमेश, वासुदेव साहू, बिसेलाल साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू, हेमलाल साहू, गोविंद साहू, रामनाथ साहू, साहू, मोहन साहू, शंकर साहू, छत्रपाल साहू, भूषण सार्वा, इंदु साहू जिला युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष का योगदान रहा। 2 नवंबर को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से संस्कृति विभाग द्वारा कुरूद के रंग की प्रस्तुति हुई। इसके लिए ग्रामवासियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

# देवांगन समाज ने विधायक चंद्राकर से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

जिला देवांगन समाज ने दीपावली त्योहार के अवसर पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर से मुलाकात की। उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया। मौके पर संरक्षक रामगोपाल देवांगन, अध्यक्ष विनय देवांगन, पोटियाडीह मंडल अध्यक्ष विजय देवांगन, उपाध्याय प्रीतराम देवांगन, सहसचिव रामचंद्र देवांगन, खूबलाल देवांगन, अवधराम देवांगन, युवा संरक्षक सूरज देवांगन, युवा कार्यकारिणी सदस्य भागवत देवांगन उपस्थित थे।

# नवदीप जनजागरण परिवार ने किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

नवदीप जनजागरण परिवार द्वारा गोवर्धन पूजा के अवसर पर बाजार चौक बोरझरा में ग्राम गौरव सम्मान व सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान देश सेवा के लिए चयनित युवा संजीव रात्रे पिता कोमल सिंह रात्रे, गीतांजलि सिन्हा पिता मनहरण सिन्हा के साथ ही कक्षा दसवीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर चेतना साहू पिता सुखित साहू को प्रतीक चिन्ह और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ग्राम बोरझरा में गोवर्धन पूजा पर विगत बीस वर्ष से ग्राम गौरव सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में डॉ. एके गजपाल धमतरी, पूनाराम रात्रे, कमलेश साहू, राजेश साहू, परमानंद साहू, शेषनारायण साहू, हरिनाथ साहू, द्वारिका सिन्हा, डोमार सिंह साहू, गिरवर साहू, मोहन लाल साहू, निर्मल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आमदी में दीपावली पर्व पर बिखरीं खुशियां

- गौरा-गौरी की निकली झांकी, गोवर्धन पूजा स्थल को फूलों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पंचायत आमदी में दीपावली हर्षोल्लास से मनाई गई। नगरवासियों में उत्साह और उमंग का माहौल था। हर ओर रोशनी और सजावट की छटा बिखरी हुई थी। घरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगी लाइट से सजाया गया था।

दीपावली का पर्व रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में दीप जलाए और मिठाई बांटी। नगर के विभिन्न स्थानों पर पटाखे जलाए गए। बच्चों ने भी इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। नगर पंचायत ने भी विशेष सुरक्षा प्रबंध किए थे। नगर में गौरा-गौरी पूजा का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में सज-धजकर पूजा में भाग लिया। नगरवासियों ने भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। इससे नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल को और भी जीवंत बना दिया।

दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की गई। नगरवासियों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की। गोवर्धन पूजा स्थल को फूलों से सजाया गया था। नगर के यादव भाइयों द्वारा झांकी एवं मड़ई निकाली गई।

नगर पंचायत आमदी के अध्यक्ष और पार्षदों, कृषि समिति के सदस्यों ने भी इन आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर नपं आमदी अध्यक्ष हेमन्त माला ने कहा कि ऐसे पर्व नगर में सामाजिक और सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। सभी नगरवासियों को एकजुट करते हैं। इन पांच दिवसीय उत्सव में नगर पंचायत आमदी के लोगों ने परंपरागत और उत्साहपूर्ण तरीके से अपनी आस्था और संस्कृति का सम्मान किया। इससे नगर का वातावरण खुशियों और सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

# पूर्व पार्षद ने गौ माता को खिलाई खिचड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 11 के पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा व वार्डवासियों ने गोवर्धन पूजा पर गौ माता का श्रृंगार कर सुहाई बांधी। फिर गाय को गुड़ व खिचड़ी खिलाई। लालू प्रसाद यादव, मन्नू निषाद, कार्तिक निषाद, लोकेश निषाद, मिथिलेश निषाद समेत अनेक वार्डवासियों ने एक जगह गौ माता की पूजा-अर्चना की। पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा ने बताया कि वार्डवासी हर साल गायों को सुहाई बांधते हैं। पूजा पाठ करते हैं और खिचड़ी भी खिलाते हैं। इस परंपरा का निर्वहन कर वार्ड में सुख, शांति समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। गौ माता की पूजा करने से सारे कष्ट मिटते हैं। हमारे पूर्वजों ने जो परंपरा बनाई है, उसका हम निर्वहन कर रहे हैं। भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर गौ माता समेत ग्वालों के प्राणों की रक्षा की थी। इसी दिन से कृष्ण को गोवर्धन भी कहा गया।

दीप जलाकर मनाई खुशियां, कहा : स्थायित्व और सुरक्षा मजबूत हुई

# कमार परिवारों को दीपावली पर मिला पक्का घर

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



जिले के चारगांव के आश्रित गांव खरखा निवासी फुलेश्वरी बाई कमार का जीवन संघर्षों से भरा रहा है। आज प्रधानमंत्री आवास योजना की मदद से अपने सपनों का घर पाकर खुश हैं। फुलेश्वरी बाई कमार के लिए पक्का मकान विष्णुदव साय सरकार द्वारा प्रदत्त सिर्फ चारदीवारों का ढांचा नहीं है, बल्कि यह उनके परिवार के लिए सुरक्षा भी है।

फुलेश्वरी बाई ने बताया कि उनके पति का जब 5 साल पहले निधन हो गया था तो वह अपने आपको असुरक्षित मानती थीं। पति की मौत के बाद सारा बोझ उनके कंधों पर आ गया। बेटा नहीं होने के कारण वह खेत न होने की वजह से अन्य काम करती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें घर मिलने की उम्मीद जागी। आज पीएम आवास से उनके पक्के घर का सपना साकार हुआ। उनके बच्चों की जिंदगी में स्थायित्व और सुरक्षा मजबूत हुई। दीपावली पर अपने घरों पर दीप जलाकर धूमधाम से पर्व मनाया। पीएम मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस का आभार व्यक्त किया। इसी तरह बननी बाई, सुकबाई, तीजिया बाई, फूलबासन बाई कमार को भी प्रधानमंत्री आवास मिला है।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### तुलसी मानस प्रतिष्ठान समिति का किया गठन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय के बाजारपारा के बाजार मंडी में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई के समस्त मंडलियों के संचालक गणो की उपस्थिति में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई के गठन किया गया सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्यामलाल दुग्गा, उपाध्यक्ष युवराज पटेल, राजू नायक, जगदेव राम पांडे, सचिव किशोर जैन, सहसचिव संतराम चुरेंद्र, कोषाध्यक्ष भगवानीराम सिंहा को बनाया गया, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य शांति कचलाम, रामगोपाल साहू, मधु मानिकपुरी, कृष्णाराम नागवंशी, धनराज टांडिया, तुलसी ठाकुर, विष्णु तेता, राकेश ताराम, तामेश्वर पटेल, अखिलेश बघेल, गैंद सिंह ठाकुर को बनाए गया।

### खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर किसानों ने विधायक से लगाई गुहार



**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी, मानिकपुर और झलियामारी के किसान नए धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर विधायक आशाराम नेताम से गुहार लगाया। विधायक से किसानों ने अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि बुदेली खरीदी केंद्र में किसानों को धान बेचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवली गावड़े, ग्राम पंचायत सरपंच आनंद वटी, पूर्व सरपंच नरेश कोराम, उप सरपंच लाछूराम सलाम, भानु नेताम, सुखलाल टेकाम, बंशी टेकाम और शंकर नेताम व अन्य किसान उपस्थित रहे।

### राज्योत्सव का आयोजन आज नरहरदेव मैदान में

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार 5 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव 2024 का आयोजन शासकीय नरहरदेव विद्यालय मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, विशिष्ट अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला और नगरपालिका की अध्यक्ष सरोज ठाकुर रहेंगी। अलावा शाम 6 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही म्युजिकल ग्रुप कांकेर, अकॉर्डियन वादन रायपुर सहित अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### रतेसरा में देवउठनी पर्व पर होगी राज्य स्तरीय डांस स्पर्धा

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम रतेसरा में देवउठनी पर्व के अवसर पर राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शांति युवा मंडल बड़ेपारा रतेसरा के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 12 नवंबर को बड़े उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस आयोजन में प्रदेशभर से कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

भाई दूज की शाम अजय फाउंडेशन ने आयोजित की लाफ्टर एंड म्यूजिकल नाइट

# सुनील की कॉमेडी व विकल्प की मिमिक्री से दर्शक हुए लोटपोट



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

भाईदूज की शाम अजय एजुकेशन एंड हेल्थ फाउंडेशन द्वारा लाफ्टर एंड म्यूजिकल नाइट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें कॉमेडियन सुनील पाल और कपिल शर्मा शो फेम विकल्प मेहता ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन पश्चात अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन के साथ हुई।

प्रसन्न नायडू ने स्वागत भाषण देते हुए फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी में रोज 50-100 लोग अध्ययन करने पहुंच रहे हैं। बेस्ट किताबों का संग्रह इस लाइब्रेरी में किया गया है। साथ ही परिसर में ओपन जिम, जॉगिंग-रनिंग ट्रेक में सुबह शाम लोग पहुंच रहे हैं। इसके बाद म्यूजिकल नाइट में कलाकारों ने पुराने सदाबहार गीतों के नगमें सुनाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष अभिषेक बैस, सचिव इमरान बेग, कोषाध्यक्ष मलय चंद्राकर, प्रसन्न नायडू, शुभम बैस, खेमराज सिन्हा, पावस चंद्राकर, अनुशासन आमदे, शेखर चन्द्राकर, खिल्लु देवांगन सहित गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

#### रात 10 बजे तक चलता रहा हंसी ठिठोली का सिलसिला

कार्यक्रम में सुनील पाल ने नगरवासियों का खूब मनोरंजन किया। कुछ नए कुछ चुनिंदा पुराने टुकड़ों को सुनाया। सुनील ने राजनेताओं को जहां निशाने पर रखा, वहीं युवा- युवतियों और महिलाओं के बीच की मिठास का भी रंग घोला। कहा अगर करोगे प्यार सीता से तो राम हो जाओगे। अगर करोगे प्यार राधा से तो श्याम बन जाओगे। अगर करोगे जबरदस्ती आसाराम बन जाओगे। इसके साथ जैसे ही विकल्प मेहता एक्शन मूड में मंच पर आए, वैसे ही पूरा ऑडियो तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद विकल्प ने रावडी राठौड़ फिल्म के मशहूर डायलॉग जो मैं बोलता हूं, वो मैं करता हूं जो मैं नहीं बोलता हूं वो मैं जरूर करता हूं.... इसके साथ ही अक्षय कुमार के कई डायलॉग सुनाए जिन्हें देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। विकल्प ने अपनी टीम के साथ हुबहू अक्षय कुमार की तरह उनकी आवाज में कई कॉमेडी डायलॉग भी सुनाए, जिन्हें देखकर लोग लोटपोट हो गए। हंसी ठिठोली का यह सिलसिला रात 10 बजे तक चलता रहा।

#### दिखावा की चीजों में समय बर्बाद न करें : अजय

मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि कार्यक्रम जनता की भागीदारी के साथ हो। कुरूद में परंपरा स्थापित होगी उसकी बुनियाद डालने वाले आप होंगे। खास तौर पर महिलाओं की भागीदारी ज्यादा हो। हम परदे के पीछे रहकर आपको बस सहयोग करेंगे। फाउंडेशन को आकार लेने में अभी थोड़ा समय लगेगा। फाउंडेशन के लिए यह पहचान बनाने का वर्ष है। इसकी नींव बहुत पहले रखी गई थी, अब आकार ले रहा है। दिखावा की चीजों में समय बर्बाद न करें।

## डिग्री गर्ल्स कालेज रायपुर ने जीता महिला कबड्डी का खिताब



■ फाइनल में शासकीय महाविद्यालय आरंग को किया पराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर अंतर्गत सेक्टर स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पीजी कालेज के खेल मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. श्रीदेवी चौबे थीं। उन्होंने टीम को पूरे अनुशासन एवं खेल भावना से खेलने का संदेश दिया। पहले सेमी फाइनल में डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर ने विप्र कॉलेज रायपुर को पराजित किया एवं दूसरे सेमी फाइनल में शासकीय महाविद्यालय आरंग ने यूटीडी रायपुर को हराया।

फाइनल मैच डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर एवं शासकीय महाविद्यालय आरंग के मध्य खेला गया जिसमें डिग्री गर्ल्स कॉलेज ने शानदार खेल दिखाया और शासकीय महाविद्यालय आरंग को पराजित कर महिला कबड्डी का खिताब जीता।

समापन समारोह में साईंस कॉलेज रायपुर के सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी डॉ. रामानंद यदु, चयन समिति सदस्य प्यारेलाल साहू एवं हेमंत सिंग ठाकुर को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। मैच रेफरी ओ.पी. जायसवाल, मनोज प्रभान, विकास कुमार, आकाश कुमार एवं रितेश कुमार थे। प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने विजेता टीम डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर को विजेता कप एवं समस्त खिलाड़ी को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। मंच संचालन प्रो.पंकज जैन व आभार प्रदर्शन डॉ. देवाशीष हाजरा ने किया।

## लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज ने मनाई दिवाली




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

परिक्षेत्र साहू समाज लिमतरा द्वारा ग्राम लिमतरा के साहू भवन में दिवाली मिलन एवं उत्कृष्ट कृषक सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष गोपाल साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू थे। कार्यक्रम कर्मा माता की पूजा आरती के पश्चात प्रारंभ हुआ। अतिथि उद्बोधन के पश्चात कृषि कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हरिओम साहू, नंदझरूखा साहू, खरेराम साहू,ताराचंद साहू का सम्मान किया गया। सामाजिक प्रकरणों की सुनवाई कर निपटारा किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र अध्यक्ष हंसराज साहू ने बताया कि समाज को सशक्त बनाने एवं नई दिशा देने दीपावली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर निर्मल साहू, ज्ञानानंद साहू, तहसील मीडिया प्रभारी माधवेंद्र हिरवानी, गुलाब साहू, चुनुराम साहू, राजाराम साहू, लीपचंद साहू, भीषम साहू, अमरदास साहू, हेमलता साहू, रेणुका साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## सिर्री क्षेत्र में धूमधाम से मनी दीपावली

**सिर्री।** सिर्री में 1 नवंबर शुक्रवार को दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के कुछ गांवों में 31 अक्टूबर को भी लक्ष्मी पूजन विधिवत संपन्न की गई। सिर्री सहित अंचल में दीपावली पर्व पर सभी के घर रोशनी से जगमग रहे। शुक्रवार को सुबह से ही घरों व विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्साह का माहौल रहा। मनभावन रंगोली ने घरों की आकर्षकता को और बढ़ाया। शुभ-मुहूर्त में धन की देवी मां लक्ष्मी की पूजा की गई। बच्चों सहित बड़ों में भी जमकर पटाखे फोड़े। रात्रि में ही क्षेत्र के गांवों के विभिन्न गौरा चौक में पारंपरिक गौरी-गौरा के गीत बाजे-गाजे के साथ गूंजती रही। लोग दर्शन करने आशीर्वाद लेने भीड़ लगी रही।

## बगौद की डांस प्रतियोगिता में अनमोल ग्रुप प्रथम



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ग्राम बगौद में ग्रामवासियों, जय बजरंग नाट्य एवं मानस मंडली के तत्वावधान में मातर पर झमाझम डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। सामूहिक वर्ग में प्रथम अनमोल डांस ग्रुप पुरी धमतरी, द्वितीय लोकमाला डांस ग्रुप भखारा, तृतीय आदिवासी डांस ग्रुप कुर्रा, चतुर्थ जय मां दुर्गा ग्रुप कुंडेल, पंचम मोर भुंईया डांस ग्रुप कुर्रा एवं एकल वर्ग में प्रथम नंदिनी नेताम दुगली, द्वितीय वृंदा यादव महासमुंद, तृतीय मनमोहक सिलीडीह, चतुर्थ आयुश ठाकुर सेमरा डी रहे। कार्यक्रम में कमलेश चन्द्राकर, पारसमणि साहू, बृजलाल साहू, माधव बंजारे, रामाधीन धुव्र, प्रमोद ध्रुव, कलीराम बघेल, लोकसिंग साहू, कुंजलाल साहू, राधेश्याम मेहर, तुकेश साहू सहित समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

## आंतरिक ज्ञान, गुण और शक्तियों को जागृत करने का पर्व है दीपावली : सरिता दीदी

■ ब्रह्माकुमारीज़ में धूमधाम से मनाया गया दीपावली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



आंतरिक ज्ञान, गुण और शक्तियों को जागृत कर अंतर्मन को प्रकाशमान करने का पर्व दीपावली है। यह पर्व आत्म ज्योति का सच्चा दीपक जगाने की प्रेरणा देता है। उक्त उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ धमतरी सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका सरिता दीदी ने 2 नवंबर को प्रातःकाल दिव्यधाम में आयोजित दीपावली पर्व के शुभ अवसर पर व्यक्त किए।

उन्होंने आगे कहा कि दीपावली पर्व पर हम कोने-कोने की सफाई करते हैं, लोगों से अच्छे व्यवहार करते हैं, प्यार से बात करते हैं। हमें लगता है कि हमारा सबके साथ रिश्ता इतना अच्छा है। लेकिन हमें पता ही नहीं चलता है कि कब हमने अपने मन में उनके प्रति कौन सी गांठ बांध कर रखी है। कई बार सामने वाले के प्रति शब्द और व्यवहार अच्छे होते हैं लेकिन मन में कहीं न कहीं वह आदर, सम्मान का भाव नहीं होता है। इस दीवाली हम अपने मन के कोने-कोने में छिपी कोई बुराई, गलत संस्कार और गलत सोच की सफाई करें। इससे मन का अंधकार दूर होगा। एक नया उजाला आएगा।

माउंट आबू से पधारे बीके चुनेश ने कहा कि आत्मा ही सच्चा दीपक है। बाहर के अन्धकार को तो मिट्टी के दीपक जलाकर दूर कर सकते हैं किन्तु अंतर्मन में छाए हुए अन्धकार को दूर करने के लिए हमें सभी के लिए शुभ संकल्पों के दीप जलाने होंगे।

इस अवसर पर देवी लक्ष्मी जी की भव्य रंगोली भी बनाई गई थी जिसके सामने सभी ने श्रेष्ठ संकल्प के साथ दिये जलाए। श्री लक्ष्मी और श्री नारायण का भव्य दरबार लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। 21 दीपकों के सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए थे जिसके सामने सभी ने अपना फोटो खींचा और 21 दीपकों में लिखे गए कोई न कोई एक गुण धारण करने के लिए सभी संकल्पबद्ध हुए।

इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर नवनीता बहन, सरस बहन, स्वाती बहन, जागृति बहन आदि ने भी दीपावली पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्राजक्ता बहन ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया तथा राजयोग अनुभूति भी कराई। इस अवसर पर संस्था से जुड़े हुए भाई-बहनों के अलावा धमतरी के गणमान्य नागरिकगण और ओडिशा से पधारे बीके दीपक भाई भी उपस्थित थे।

### क्रिकेट में भुरसीडोंगरी विजेता

**नगरी।** बेलरगांव ब्लाक के ग्राम हिर्रीडीह में दिपावली के अवसर पर ग्राम पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। शनिवार को आयोजन इस प्रतियोगिता में भुरसीडोंगरी और मावली पारा के बीच फाइनल मैच खेला गया। प्रथम किकेट क्लब भुरसीडोंगरी ने जीत हासिल का 13000 रु व शील्ड प्राप्त किया। वहीं उपविजेता किकेट कलब मावली पारा को 8001 रु और शील्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज साक्षी जिला पंचायत सदस्य धमतरी थे। वहीं अध्यक्षता हीरा लाल नेताम ग्राम पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में कैलास नाथ प्रजापति, रजनीकांत देवांगन, ग्रा.पं.हिर्रीडीह वार्ड पंच सुमित्रा नेताम, कलाबाई मरकाम, चंद्रिका नेताम उपस्थित थे।

## बगौद में दिवाली धूम धाम से मनाई गई







हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरी(धमतरी)

ग्राम बागौद में राज गौरा गौरी विसर्जन एवं गोवर्धन पूजा धूम धाम से मनाया गया। यह जानकारी डॉ. साहू एवं रामेश्वर ध्रुववंशी द्वारा दी गई।




## केंद्र के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की बैठक राजनांदगांव में यशवंत दीवान प्रांतीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य एवं अनिल कुमार शर्मा जिला अध्यक्ष राजनांदगांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चुनाव प्रक्रिया को शून्य करने हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 29 अक्टूबर को 4 प्रतिशत महंगाई राहत दी है। पेंशनरों को 50 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत पेंशन मिलेगी। आगे कहा कि टीडीएस के नाम से राशि पेंशन से काटी जा रही है। टीडीएस कटौती बैंकों द्वारा बंद नहीं होगी तो माननीय हाईकोर्ट छत्तीसगढ़ में अपील की जायेगी। आगे बताया कि केंद्र सरकार के पेंशनरों के समान देय से 53 प्रतिशत महंगाई राहत हेतु छत्तीसगढ़ शासन को मांग पत्र सौंपा जा चुका है। मौके पर श्रीमती विद्या देवी साहू, गणेश दत्त राव, वीरेंद्र नाग, राम अवतार शर्मा, नकुल नेताम, बीपी तिवारी समेत अनेक पेंशनर मौजूद रहे। इस दौरान नए सदस्यों एवं कमल कुमार दुबे के 83 वर्ष पूर्ण करने पर उन्हें सम्मानित किया गया।

## दिव्यांग मित्रों का दीपावली मिलन संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छग राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवम्बर को जरही माता मंदिर सांकरा में प्रेरणा जनकल्याण समिति एवं दिव्यांग अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी द्वारा दीपावली मिलन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मितव्ययता एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की बात कही गई। कार्यक्रम में दिव्यांगता पेंशन के लिए गरीबी रेखा समाप्त करने, पेंशन राशि बढ़ाने संबधी आवेदन विधायक ओंकार साहू को देने का निर्णय लिया गया, जिसे विधानसभा के पटल पर रख सके। प्रशिक्षण में आने वालों की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी सुलेखा अली को दिया गया तथा भविष्य में दिव्यांगजनों की वैवाहिक कार्यक्रम की रुपरेखा बनाया गया। इस अवसर पर बंसत विशनोई, संतोषी विशनोई, रोहित साहू, सुलोचना, डेरहाराम नीलकंठ, शंकर चित्रकांत सोनकर, फागूराम एवं घनश्याम सिंह साहू उपस्थित रहे। राज्य स्थापना दिवस पर छग के निर्माता भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेई का स्मरण किया गया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रंजिश को लेकर कराठी के मुर्गा बाजार में मारपीट अपराध किया गया दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के दो युवकों के मध्य कराठी के मुर्गा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद करने वाले युवक ने शिकायतकर्ता के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे कर्मचारी कालोनी निवासी 40 वर्षीय प्रहलाद कुमार लोहले पिता स्व. नारायण सिंह लोहले ने पुलिस को बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 3 नवंबर को कराठी मुर्गा बाजार गया था। मुर्गा बाजार में दोपहर को 3 बजे के आसपास राजू कुलदीप निवासी बाजारपारा भानुप्रतापपुर ने मेरे पास आकर पुरानी बातों को लेकर रंजिशवश मुझे गाली देते हुए जान से मार देने का धमकी दी। हाथ मुक्का एवं लात से मुझे मारपीट करने लगा। मारपीट से मेरी बाई आंख के बगल, दाहिना पेट में चोट लगा है। मारपीट के दौरान बाजारपारा के उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। बीच बचाव नहीं करते, तो हमारे साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। कायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2) 296, 35 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### 4 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने सालिक राम दुग्गा के घर के सामने वाली जंगल पीव्ही 75 भवानीपुर में जुआ खेल रहे जुआरी पीव्ही 75 भवानीपुर निवासी 55 रतन सिकदार पिता भुवनेश्वर सिकदार उम्र 55 वर्ष, अशोक मंडल पिता सनातन मंडल उम्र 30 वर्ष, मिहिर मंडल पिता सनातन मंडल उम्र 39 वर्ष और पीव्ही 74 गौरीशंकर नगर निवासी गोविन्द तरफदार पिता निताई तरफदार उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने पकड़ लिया है। जुआरियों के पास से कुल 2250 रकम जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

### जमीन विवाद, बड़े ने छोटे भाई और मां के साथ किया मारपीट

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सारवंडी में जमीन की बात को लेकर मां के साथ कलयुगी बेटे ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डा से मारपीट किया। माँ ने कलयुगी बेटे से परेशान होकर थाना की शरण में पहुंची।



कलेजे से लगाने वाले बेटे के खिलाफ अपराध दर्ज करवाने के लिए मजबूर हुई। सारवंडी निवासी 50 वर्षीय देव बाई सोनपीपरे पति स्व. मधुसुदन पीपरे ने पुलिस को बताया कि मेरे दो बेटे हैं, दोनों की शादी हो गई है। दोनों बेटे अलग अलग रहते है। दीपावली त्यौहार में वह अपने छोटे बेटे के घर में 2 नवंबर को दोपहर 1 बजे गई थी। छोटे बेटे प्रतिज्ञा एवं बहू आशा के साथ खाना खाकर घर के बाहर गली में बैठे थे। तभी मेरा बड़ा बेटा प्रदीप सोनपीपरे अपने घर से जोर-जोर से गाली देते हुए आया और मेरे पास आकर घर और जमीन के बंटवारे की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा। तब मेरा छोटा बेटा और बहू आकर कहा कि क्या हो गया। मैंने बताया कि घर और जमीन के बंटवारे की बात को लेकर बड़ा बेटा उनके साथ विवाद करने लगा। आरोपी बड़ा बेटा प्रदीप बोलने लगा कि अपने घर में भी रहूंगा और प्रतिज्ञा के हिस्सा के घर को भी मुझे दे दो। आरोपी ने आवेश में आकर प्रतिज्ञा को हाथ मुक्का से मारपीट किया और वहीं पास में पड़े लकड़ी के डण्डा से जोरदार हमला कर दिया। विवाद को बढ़ता देख, विवाद को शांत करने के लिए माँ गई, परंतु कलयुगी बेटेने मेरे को जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे बांए हाथ के अंगुलियों में चोट आया व खून निकलने लगा। माँ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कलयुगी बेटे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## अरौद में हुआ मातर महोत्सव का आयोजन, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# मातर पर कलाकारों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब







हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



ग्राम अरौद ( मेघा ) में मातर महोत्सव का आयोजन किया गया। जय बजरंग युवा अखाड़ा समिति अरौद की हैरतअंगेज कला के प्रदर्शन से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। तोषण राम साहू एवं सीताराम साहू के निर्देशन में अखाड़ा का संचालन किया गया। ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी एवं अखाड़ा समिति के कलाकारों ने बजरंग बली की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलाकारों की एक से बढ़कर एक अजीबोगरीब कला की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। सिर पर आग जलाकर कड़ाही के गर्म तेल में नाश्ता बनाना, साइकिल के ऊपर बंधी ट्यूबलाइट को अपने सीने से फोड़ना, पिरामिड बनाकर झंडा लहराना, पिरामिड बनाकर उपर चढ़कर ट्यूब लाइट तोड़ना, मस्तक में दीपक जलाकर भ्रमण करना, एक व्यक्ति के ऊपर तीन सवार मोटरसाइकिल चलाना, मोटरसाइकिल में छः लोगों की सवारी करना, पानी से भरी गुंडी को दांत से चबाकर साइकिल चलाना, सीने में पत्थर रखकर लोहे के हथौड़े से तोड़ना, एक व्यक्ति को चार लोग ट्यूब लाइट से मारकर तोड़ना, एक व्यक्ति के सीने में तीन मटका रखकर फोड़ना, जलती हुई आग से मोटरसाइकिल चलाना, दस फीट ऊपर झूल रखकर ट्यूबलाइट फोड़ना, जलती हुई रिंग को एक उंगली पर घूमाना, मोटरसाइकिल चलाकर एक दर्जन ट्यूबलाइट को सीने के बल तोड़ना,आदि अनेक हैरत अंगेज कला का प्रदर्शन कलाकारों ने किया।

इस कला से प्रसन्न होकर दर्शकों ने नकद राशि प्रदान कर कलाकारों को प्रोत्साहित किया। जय बजरंग बली युवा अखाड़ा समिति अध्यक्ष खेमू प्रजापति के मार्गदर्शन में कलाकारों ने प्रदर्शन किया। दर्शकों को खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। अखाड़ा का संचालन रमेश साहू ने किया।

### अखाड़ा दल ने किया पराक्रम, शौर्य का प्रदर्शन





**धमतरी।** ग्राम देवपुर में मातर महोत्सव पर विहिप बजरंग दल, यादव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से अखाड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन लाल साहू राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत सहसेवा प्रमुख, विहिप उपाध्यक्ष आनंद स्वरूप, रिंकू सेन, चित्रेश, राजकुमार महंत, राजा साहू, चेतन यदु सरपंच देवपुर, दिलीप साहू, नेमचंद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि देश में अनेक वीरांगनाओं ने भारत भूमि पर जन्म लिया और समाज सुधार, देश धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किए। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर, जीजा बाई, रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गावती का जीवन परिचय हम सबके लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी, स्वभाषा, स्व संस्कृति और नागरिक कर्तव्य बोध पर प्रकाश डाला। विहिप उपाध्यक्ष आनंद स्वरूप ने अखाड़ा और मातर महोत्सव पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अस्त्र-शस्त्र और शास्त्र का ज्ञान हम सबके लिए महत्वपूर्ण है। पहले हर गांव में एक अखाड़ा दल होता था पर अब नहीं है , जो चिंता का विषय है। इस दौरान देवरी, भोथली, देवपुर, तेलीनसत्ती आदि गांव के अखाड़ा दल ने दमखम, जोश जुनून के शक्ति, पराक्रम, शौर्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम देखने आसपास के ग्रामीण भी पहुंचे थे।

## दामाखेड़ा मामले पर युवा मोर्चा ने कांग्रेस का पुतला फूंका



■ सनातन धर्म और संत महात्माओं के प्रति कांग्रेस का असली चरित्र उजागर : कैलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

भाजपा युवा मोर्चा ने दामाखेड़ा के कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब पर हुए हमले में कांग्रेस की संलिप्तता बताते हुए घड़ी चौक में कांग्रेस का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक रंजना साहू, निर्मल बरडिया, शशि पवार की उपस्थिति और भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि कांग्रेस सनातन धर्म और साधु संतों से चिढ़ती है। यह संत महात्माओं के प्रति उनके असली चरित्र को प्रदर्शित करती है। ऐसी घटनाओं का हमारे समाज में कोई स्थान नहीं है।

मौके पर जिला महामंत्री अविनाश दुबे, चेतन हिंदूजा, नरेंद्र रोहरा, विजय साहू, धनीराम सोनकर, रोहिताश मिश्रा, प्रकाश गोलछा, विजय मोटवानी, अखिलेश सोनकर, पवन गजपाल, दीपेंद्र साहू , चंद्रकला पटेल, रितिका यादव, नीतू त्रिवेदी, गायत्री सोनी, अनीता सोनकर, कीर्तन मीनपाल, जय हिंदूजा, दिग्विजय सिंह ध्रुव, युवराज मरकाम, राम सोनी, रिक्की गंगवानी, सुभाष चंद्राकर, राजीव चंद्राकर, बलराम सोनकर, अनुज दुबे, अमित साहू, श्रेयांश, गुलशन साहू, देवा साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री से प्रीतेश ने लिया आशीर्वाद



**धमतरी।** श्री बागेश्वर बालाजी धाम के पीठाधीश्वर महंत पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री महाराज से रायपुर विमानतल पर प्रीतेश गांधी प्रदेश अध्यक्ष सर्व गुजराती समाज छत्तीसगढ़ ने भेंटकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

# कृदत्त कॉलोनी में दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



रुद्री रोड स्थित कृदत्त कॉलोनी में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कॉलोनीवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में हाऊजी सहित विभिन्न प्रकार के खेल एवं अन्य कार्यक्रम रखे गए। महिलाओं ने पुरस्कार जीतकर अपनी खुशी जाहिर की। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष किया जाएगा।

मौके पर जीआर रणसिंह, सीके वाही, राकेश जाधव, रामभवन कुशवाहा, अरुण गुप्ता, राजकुमार साहू, गणेशु राम साहू, बीएल साहू, जनकराम साहू, डॉ भूपेंद्र साहू, प्रवीण यादव, नीता रणसिंह, साधना साहू, सीमा सिंह, इंद्राणी साहू, यशोदा साहू, विनीता गुप्ता, ऋतु जाधव, गायत्री भोंसले, वर्षा जाधव, सरिता कुशवाहा, परागा वर्मा, वीणा वाही, आरुषि जाधव, ऋचा साहू, शिवम, बिंदु, मोनू आदि मौजूद थे।

### प्रशिक्षणार्थियों ने जनजातियों की संस्कृति व परम्परा को रंगोली में उकेरा

**मगरलोड।** शासकीय आद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान करेली बड़ी में जनजाति गौरव दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान जनजाति गौरव माह के तहत उनके योगदान और इतिहास को बताया गया। इस दौरान रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता हुई। प्रशिक्षणार्थियों ने रंगोली के माध्यम से जनजाति परम्परा की मनमोहक रंगोली बनाई। संस्था प्रमुख श्रीमती धारणा साहू ने बताया कि भारत की जनजातियां हमारी संस्कृति और इतिहास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इन जनजातियों की विशिष्ट संस्कृति, परंपराए और रीति-रिवाज हमारी विविधता को दर्शाते हैं। हमें जनजातियों के अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उनकी संस्कृति को संरक्षित करना चाहिए। जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने से हम अपनी विविधता को संरक्षित कर सकते हैं। हमें जनजातियों के प्रति सम्मान और सहानुभूति की भावना रखनी चाहिए। जनजातियों का गौरव हमारी राष्ट्रीय पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें जनजातियों की संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रशिक्षण अधिकारी चंद्रशेखर साहू, उमेश कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।

## धीरेंद्र शास्त्री ने किये मां अंगार मोती के दर्शन



■ बागेश्वर धाम सरकार ने धर्मांतरण को नक्सलवाद से भी बड़ा खतरा बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बागेश्वर बाबा धीरेंद्र शास्त्री कुछ दिनों से छत्तीसगढ़ के प्रवास में है। कांकेर से रायपुर जाते वक्त थोड़ी देर के लिए धमतरी में रुके। मां अंगार मोती मंदिर पहुंचकर माता का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद आदिवासी समाज के पुजारी को गले लगाकर उनका कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान जिपं सदस्य खूबलाल ध्रुव, प्रकाश शर्मा, सूरज शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे। इससे पहले वे पहले कवर्धा में मंदिर के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। वहां से रविवार को कांकेर आए थे। बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने रविवार को कांकेर में धर्मांतरण को लेकर बड़ा बयान दिया। धीरेंद्र शास्त्री ने धर्मांतरण को नक्सलवाद से बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद व्यक्ति विशेष को टारगेट करते रहे हैं जबकि धर्मांतरण पूरे समाज को निशाना बनाकर किया जा रहा है। आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की भूमि पर धर्मांतरण बहुत बड़ा चैलेंज है। यहां के कई इलाके ऐसे हैं जहां आज भी आसानी से पहुंचा नहीं जा सकता। ऐसे इलाकों में ही भोले-भाले आदिवासियों को लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा है।

## दीपावली पर संकरी में 68 वृद्ध माताओं का सम्मान




■ शॉल, श्रीफल भेंट कर, ग्रामीणों ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

दीपावली के शुभ अवसर पर जहां एक ओर सभी लक्ष्मी पूजा सहित त्यौहार मनाने में व्यस्त रहे। वहीं 1 नवंबर को ग्राम संकरी के सार्वजनिक लक्ष्मी समिति संकरी ने लक्ष्मी के स्वरूप ग्राम के बुजुर्ग वृद्ध माताओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया।

जिस में ग्राम के सरपंच बसंती सुरेन्द्र साहू का आयोजक समिति द्वारा प्रतीक चिन्ह शॉल, श्रीफल से सम्मान किया गया। उसके बाद ग्राम के 68 बुजुर्ग माताओं का बारी बारी से ग्रामीणजनों के द्वारा शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। सभी बुजुर्ग माता काफी आनंदित होकर सभी को आशीर्वाद दिए। आयोजक समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये बहुत अच्छी तैयारी कर रखी थी। जहां मां लक्ष्मी जी के दरबार में सभी 68 माताओं का आगमन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमेश्वर सोनबेर, हेमंत साहू , राहुल साहू, योगेश साहू, महेंद्र साहु, सेवकराम साहू, नेतराम साहू, यादराम, नागेश्वर की विशेष उपस्थिति रही।

### सिर्री में विराजित हुईं माता लक्ष्मी

**सिर्री।** सिर्री में शुक्रवार को दीपावली पर्व के मौके पर जय महालक्ष्मी उत्सव समिति द्वारा विधिवत पूजन कर पुराना स्कूल चौक में, अटल चौक में, बाजार चौक में माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई। पर्व पर समिति द्वारा विधि-विधान से पूजन किया। इस दौरान जय महालक्ष्मी उत्सव समिति स्कूल चौक के अध्यक्ष हीरामन पटेल अध्यक्ष, नीलम साहू उपाध्यक्ष, परमेश्वर साहू सचिव,संरक्षक हरि देवांगन, धनीराम पटेल, बलराम पटेल, सदस्य गण में लोकेश्वर साहू, नारायण साहू ओमप्रकाश साहू, सुदर्शन साहू, धनेश्वर साहू, लाभा तारक, कुशाराम, रामेश्वर देवांगन, मनोज देवांगन, सीताराम साहू सहित अन्य सदस्यों, ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा। माता लक्ष्मी की सेवा में पंडा सुखराम साहू, बलदेव साहू लगे हुए हैं। माता का दर्शन करने श्रद्धालुओं की लगातार भीड़ लग रही है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज




## समय-सीमा की बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा हुई

# जिला पंचायत सीईओ ने राज्योत्सव तैयारी की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में 5 नवम्बर को आयोजित होने वाले राज्योत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में साफ-सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, बिजली, शौचालय, पार्किंग, मंच, साज-सज्जा, स्टॉल के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली और समय पर तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सीईओ ने बैठक में समय -सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही जनसमस्या निवारण शिविर, जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण भी समय सीमा में करने कहा। उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करने, समग्र शिक्षा के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल प्रमाणीकरण, अपूर्ण टंकियों की स्थिति इत्यादि के बारे में भी बैठक में चर्चा की।

इसके अलावा प्रधानमंत्री सम्मान निधि की राशि पात्र हितग्राहियों को प्रदान करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। साथ ही नये राशनकार्डों को पात्र हितग्राहियों को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारी को सीईओ ने निर्देशित किया। सीईओ ने बैठक में महिला एवं बाल विकास, उद्यानिकी, मछलीपालन, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

